बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

विज्ञप्ति संख्या : पी०आर० ..../2024

ERC NCTE से मान्यता प्राप्त एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से सम्बद्धता प्रदत सभी गैर सरकारी संस्थान में प्रशिक्षण सत्र 2024–26 में नामांकन के संबंध में डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2024 में उत्तीर्ण व पात्र विद्यार्थियों एवं संबंधित प्राचार्य के लिये द्वितीय चयन सूची जारी होने संबंधी आवश्यक सूचना।

समिति की विज्ञप्ति संख्या पी०आर० 236/2024 के माध्यम से डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2024 में उत्तीर्ण एवं पात्र अभ्यर्थियों से राज्य अन्तर्गत डी०एल०एड० पाठ्यक्रम संचालित NCTE से मान्यता प्राप्त एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना से संबद्धता प्रदत प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2024–26 में नामांकन हेतु, प्रशिक्षण संस्थानों के विकल्प सहित ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए गए थे। अभ्यर्थियों से प्राप्त ऑनलाइन आवेदन व प्रशिक्षण संस्थानों के विकल्प के आधार पर एवं अन्य प्रावधानों के आलोक में, विभागीय निदेशानुसार प्रथमतः, राज्य के सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु नियमानुसार सीट आवंटन तथा नामांकन की कार्रवाई की गई है।

2. तदुपरांत समिति की विज्ञप्ति संख्या 339/2024 के माध्यम से राज्य के गैर सरकारी संस्थानों में नामांकन की प्रथम सूची जारी कर नामांकन की कार्रवाई की गई है। उक्त के आलोक के क्रम में डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2024 में उत्तीर्ण एवं पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन प्राप्त आवेदन, रिक्ति व प्रशिक्षण संस्थानों के विकल्प के आधार पर राज्य के गैर–सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु, नियमानुसार, **"गैर–सरकारी संस्थानों में नामांकन हेतु द्वितीय चयन सूची"** तैयार की गई है। डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2024 में उत्तीर्ण एवं पात्र जो अभ्यर्थी राज्य के सरकारी डी०एल०एड० संस्थानों में अंतिम रूप से नामांकित हो चुके हैं, उनका चयन गैर सरकारी संस्थानों में नामांकन हेतु नहीं किया गया है। गैर सरकारी संस्थानों में नामांकन हेतु द्वितीय चयन सूची जारी किये जाने एवं नामांकन की अन्य गतिविधियों की समय सारणी निम्नवत् है:–

महत्वपूर्ण तिथियाँ

क्र० सं०	कार्य	तिथि
i	गैर सरकारी प्रशिक्षण संस्थान में नामांकन हेतु द्वितीय चयन सूची जारी होने की तिथि	05.10.2024
ii	नामांकन की अवधि	07.10.2024 से 10.10.2024 एवं 14.10.2024 से 16.10.2024 तक
iii	विद्यार्थियों द्वारा नामांकन के पश्चात् स्लाइड अप की प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन आवेदन की अवधि	07.10.2024 से 16.10.2024 तक
iv	प्रशिक्षण संस्थान द्वारा पोर्टल पर Login कर अंतिम रूप से सीट Updation किया जाना	17.10.2024
v	गैर सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों में जिस विद्यार्थी का चयन द्वितीय चयन सूची में कहीं भी नहीं होता है, उसके लिये नया विकल्प भरने अथवा पूर्व के विकल्प में परिवर्तन करने की अवधि। (सीट रिक्त रहने की स्थिति में लागू होगा)	18.10.2024 से 19.10.2024 तक

3. वैसे आवेदक जिन्होंने (गैर–सरकारी संस्थानों की प्रथम चयन सूची) के आधार पर संस्थान में मात्र 3000/रू की राशि जमा कर नामांकन लेने के साथ–साथ Slide up विकल्प का उपयोग किया है और द्वितीय चयन सूची में उनका संस्थान अपरिवर्तित है तथा यदि वे इससे संतुष्ट है, तो वे अपने नामांकन के संस्थान में जाकर प्रथम वर्ष के शुल्क की शेष राशि जमा कर दें।

4. **द्वितीय चयन सूची एवं चयनित सभी आवेदकों के संस्थान चयन से संबंधित सूचना पत्र समिति के पोर्टल http://www.deledbihar.com पर अपलोड रहेगा, जिसे Login Id एवं Password के उपयोग से देखा जा सकेगा/डाउनलोड किया जा सकेगा। जिन आवेदकों का चयन इस सूची में नहीं हो सका है, उन्हें भी इस आशय की सूचना उक्त पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध करा दी गई है।**

5. **समिति की उपर्युक्त वर्णित विज्ञप्ति संख्या पी०आर० 236/2024 में संस्थानों के लिए सीट आवंटन एवं नामांकन संबंधी विस्तृत प्रक्रिया उल्लिखित है।**

6. यदि उक्त प्रक्रिया में कोई कठिनाई उत्पन्न हो तो इमेल आई०डी० deledhelpdesk1@gmail.com पर अथवा मोबाइल नं0 **9546114508** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

4/10/24

परीक्षा नियंत्रक, विविध
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक–टी0टी0प्रे0 448 / 2024 4/10 **पटना, दिनांक– 04/10/2024**

प्रतिलिपिः– 1. जन सम्पर्क पदाधिकारी को समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।